भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3950

बुधवार, दिनांक 12 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

सौर ऊर्जा परियोजनाएं

3950. श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:
श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:
श्री ज्ञानेश्वर पाटील:
श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:
डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्रों में सौर ऊर्जा उत्पादन की संस्थापित क्षमता का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए उक्त राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कोई सौर पार्क विकसित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्रों में और अधिक सौर परियोजनाएं विकसित करने का विचार है; और

(ङ.) यदि हां, तो इन परियोजनाओं को पूरा करने की समय-सीमा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्रों में दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता क्रमशः 20312.37 MW, 6332.42 MW और 143.40 MW है।

(ख) से (ङ): महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्रों में सौर पार्कों सहित नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं का विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

अनुलग्नक

दिनांक 12.08.2026 को पूछे गए लोक सभा आतारांकित प्रश्न सं. 3950 के भाग (ख) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्रों में सौर पार्कों सहित नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं का विवरण

1. पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (PMSG: MBY)

दिनांक 04.08.2026 की स्थिति के अनुसार हुई प्रगति का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	स्थापना (संख्या)	कवर किए गए घर (संख्या)	जारी की गई सब्सिडी (रु. करोड़ में)
1	महाराष्ट्र	7,09,205	10,93,529	5,079.62
2	मध्य प्रदेश	1,60,276	1,65,566	1,117.66
3	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	1,164	1,164	5.59

2. प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना (पीएम-कुसुम)

महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों में योजना के सभी घटकों में अब तक स्थापित क्षमता का विवरण इस प्रकार है:

क्र. सं.	राज्य	घटक-A (MW में)		घटक-B (पंपों की संख्या)		घटक-C (FLS) (पंपों की संख्या)	
		स्वीकृत	स्थापित	स्वीकृत	स्थापित	स्वीकृत	सौरीकृत
1	महाराष्ट्र	260.00	21.00	5,75,000	5,51,971	8,75,000	8,75,000
2	मध्य प्रदेश	1,401.00	201.66	59,400	24,682	1,75,000	62,378
कुल		**1,661.00**	**222.66**	**6,34,400**	**5,76,653**	**10,50,000**	**9,37,378**

3. केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (CPSU) योजना चरण-II (सरकारी उत्पादक योजना)

CPSU योजना चरण-II के अंतर्गत, इंदौर नगर निगम ने मार्च 2026 में मध्य प्रदेश राज्य में 60 MW की सौर ऊर्जा परियोजना चालू की है।

4. "सौर पार्कों और अल्ट्रा-मेगा सौर ऊर्जा परियोजनाओं का विकास" योजना

महाराष्ट्र में अब तक कुल 1000 MW की क्षमता वाले 3 सौर पार्क स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से एक पार्क में 225 MW की सौर परियोजनाएं चालू की जा चुकी हैं। इसके अलावा, मध्य प्रदेश में अब तक कुल 4208 MW की क्षमता वाले 9 सौर पार्क स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 6 सौर पार्कों में कुल 2726 MW क्षमता की सौर परियोजनाएं चालू की जा चुकी हैं। दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र में कोई सौर पार्क स्वीकृत नहीं किया गया है।

5. प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (PM-JANMAN) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) के अंतर्गत नई सौर ऊर्जा योजना (PVTG और जनजातीय बस्तियों/गांवों के लिए)

दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार PM JANMAN के अंतर्गत घरों के विद्युतीकरण की स्थिति निम्नानुसार है:

क्र. सं.	राज्य	स्वीकृत घर	विद्युतीकृत घरों की सूचना
1	मध्य प्रदेश	1370	1193

PM-JANMAN के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य और दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

DAJGUA के अंतर्गत महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश राज्यों और दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

6. राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन

मिशन के अंतर्गत दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार आवंटित हरित हाइड्रोजन (नवीकरणीय ऊर्जा) परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

i. हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए प्रोत्साहन योजना (मोड 1 ट्रांश I) के अंतर्गत आवंटित क्षमताएं

क्र. सं.	विनिर्माता का नाम	संभावित स्थान	आवंटित क्षमता (टन प्रति वर्ष - TPA)
1	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बायोमास मार्ग)	बीना, मध्य प्रदेश	1,500

ii. रिफाइनरी क्षेत्र के लिए हरित हाइड्रोजन उत्पादन हेतु प्रोत्साहन योजना (मोड 2B) के अंतर्गत आवंटित क्षमताएं

क्र. सं.	विनिर्माता का नाम	संभावित स्थान	आवंटित क्षमता (TPA)
1	ओसियर एनर्जी	बीना रिफाइनरी, मध्य प्रदेश	5,000

कोई भी हरित हाइड्रोजन (नवीकरणीय विद्युत) परियोजना महाराष्ट्र राज्य और दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र में आवंटित नहीं की गई है।

7. राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम

i. पिछले तीन वर्षों के दौरान बायोमास कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	राज्य का नाम	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं का प्रकार	क्षमता (टन प्रति घंटा)
1	महाराष्ट्र	13	बायोमास आधारित ब्रिकेट/पैलेट	32.4
2	मध्य प्रदेश	48		244.45

दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

ii. पिछले तीन वर्षों के दौरान Waste-to-Energy (WTE) Programme के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

क्र. सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम	परियोजना के प्रकार	परियोजना की संख्या	स्थापित क्षमता
1	महाराष्ट्र	बायो-CNG	7	73.1 TPD
		बायोगैस पर आधारित बिजली	2	3.12 MW
2	मध्य प्रदेश	बायो-CNG	2	17.3 TPD

दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

iii. पिछले तीन वर्षों के दौरान बायोगैस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत मध्यम आकार के बायोगैस संयंत्रों का विवरण

क्र. सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम	परियोजना की संख्या	स्थापित क्षमता (KW में)
1	महाराष्ट्र	16	1317.5

मध्य प्रदेश राज्य और दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है।

iv. पिछले तीन वर्षों के दौरान बायोगैस कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित छोटे बायोगैस संयंत्रों का विवरण

क्र. सं.	**राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम**	**परियोजना की संख्या**
1	महाराष्ट्र	9288
2	मध्य प्रदेश	4128
3	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	18

*****